Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

❑ वर्ष- 23 ❑ अंक-59 ❑ रायपुर, बुधवार, 25 मार्च 2020 ❑ पृष्ठ-8 ❑ मूल्य- 2 रुपया •रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

कोरोना : प्रधानमंत्री खुद फॉलो कर रहे सोशल डिस्टेंसिंग का फॉर्मूला

नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसी)। कोरोना वायरस के कहर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोक कल्याण मार्ग में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। इस कैबिनेट बैठक के दौरान सोशल डिस्टेंग का वह नजारा भी देखने को मिला, जिसकी अपील कुछ दिनों से पीएम मोदी बार-बार लोगों से कर रहे हैं।

मीटिंग में कोरोना वायरस के प्रकोप से बचने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सभी मंत्री सोशल डिस्टेंसिंग का फॉर्मूला अपनाते हुए एक दूसरे से दूर बैठे दिखे।

कोरोना वायरस को लेकर राष्ट्र के नाम अपने दोनों संबोधनों में पीएम मोदी ने कोरोना वायरस महामारी से बचने और उसके रोकथाम के लिए लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग कायम रखने की जरूरत पर जोर दिया। किसी भी संक्रमण से खुद को सुरक्षित रखने के लिए कम से कम एक मीटर की दूरी बनाए रखनी चाहिए।

नवरात्र का पहला दिन : कोरोना के खिलाफ जंग लड़ने वालों के लिए प्रार्थना करुंगा : मोदी

नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसी)। कोरोना वायरस के खिलाफ 21 दिनों के संपूर्ण लॉकडाउन का आज पहला दिन है। वहीं आज से चैत्र नवरात्रि भी शुरू हो रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि वह कोरोना के खिलाफ जंग लड़ने वाले लोगों के लिए प्रार्थना करेंगे। उन्होंने मेडिकल स्टाफ, पुलिस, मीडिया आदि का नाम लिया। उन्होंने कहा कि देशभर में इन दिनों त्योहार मनाए जाते थे। इस बार उन्हें पहले की तरह नहीं मनाया जाएगा लेकिन ये हमें संकट से निकलने का हौसला देंगे।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर लिखा, %आज से नवरात्रि शुरू हो रही है। वर्षों से मैं मां की आराधना करता आ रहा हूं। इस बार की साधना मैं मानवता की उपासना करने वाले सभी नर्स, डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी, जो कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जुटे हैं, के उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सिद्धि को समर्पित करता हूं।

किराना, मेडिकल व शौचालय में एक मीटर की दूरी

हाईवे चैनल

रायपुर 25 मार्च। नगर निगम रायपुर के द्वारा मेडिकल स्टोर, किराना दुकान, शौचालय, दुग्ध डेयरी सहित विभिन्न स्थानों पर ब्लाक बनाया गया है। जिसमें एक मीटर की दूरी रखी गई है। इस ब्लाक में खड़ा होकर ग्राहक सामान लेते व इसका पालन करते नजर आए। कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सबसे जरुरी चीज दूरी रखना है। कोई भी व्यक्ति एक दूसरे से बात-चीत करते वक्त या सामान के आदान-प्रदान के वक्त 1 मीटर या 3 फीट की दूरी बनाकर रखे। इसलिए शहर की अति आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी जगहें जैसे राशन-सब्जी, दूध दुकान, एटीएम, बैंक, पोस्ट आफिस, गैस एजेंसी, सुलभ शौचालय, मेडिकल स्टोर समेत अन्य अति आवश्यक जगहों पर सोशल डिस्टेंसिंग ब्लॉक बनाया गया है। ग्राहकों के साथ सभी दुकानदारों को समझाइश दी गई है कि वे सामग्री लेने के लिए आने वाले ग्राहकों को निर्देशित करें कि वे डिस्टेंसिंग पाइंट में ही खड़े होकर सामग्री की मांग करें। सभी अपनी बारी का इंतजार करें व कोई भी हड़बड़ी न करे। वहीं दुकानदारों को भी प्रेरित किया गया है कि वे सभी ग्राहकों से कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाकर रखें। क्योंकि ग्राहकों के निकट संपर्क में आना दुकानदारों के लिए भी परेशानी का कारण बन सकता है। इस अवसर पर घड़ी चौक स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में एक बहुत बढ़िया पहल देखने को मिली। लक्ष्मी मेडिकल स्टोर की टीम कोरोना के रोकथाम को मद्देनजर रखते हुए काउंटर से 1 मीटर की दूरी पर कुर्सियों से सर्कल बनाए हुए है। कोई भी ग्राहक दुकान के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। सभी ग्राहकों को सर्कल के बाहर खड़ा कर दवाईयां प्रदान की जा रही हैं। नगर निगम की अन्य अति आश्वयक सेवाएं प्रदान कर रहीं दुकानों से अपील है कि वे भी अपनी दुकानों में कुछ ऐसी व्यवस्थाएं बनाकर रखें, जिससे ग्राहक दुकान के अंदर प्रवेश न कर सकें और ग्राहकों को बाहर से ही सामग्री प्रदान कर वापस लौटा दिया जाए।

ग्राहक नियमों का पालन करते नजर आए

ब्रेकिंग न्यूज

काबुल के गुरुद्वारे में गोलीबारी, चार की मौत

नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसी)। अफगानिस्तान की राजधानी के पुराने शहर के बीचोंबीच स्थित गुरुद्वारे में घुसकर बुधवार को एक बंदूकधारी ने हमला किया जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। एक सिख सांसद ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि सिख समुदाय यहां अल्पसंख्यक है। अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है लेकिन गोलीबारी अभी जारी है। सांसद नरिंदर सिंह खालसा ने कहा कि जब हमला हुआ तब वह गुरुद्वारे के नजदीक ही थे और वह भागकर वहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हुई है।

रामलला अस्थायी मंदिर में हुए शिफ्ट

नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसी)। श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण के प्रथम चरण का अनुष्ठान आज सुबह पूरा हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्री राम लला को टेंट से लेकर अस्थाई भवन में विराजमान कराया। रामलला तीनों भाइयों भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और हनुमान जी के साथ अस्थायी मंदिर में विराजमान हुए। वैदिक मंत्रोउच्चरण के साथ रामलला अस्थाई भवन में विराजमान हुए। सुबह 5 बजे अस्थाई भवन में श्री रामलला। श्री रामलला की भव्य आरती हुई । आरती पूजन कर सीएम योगी गोरखपुर के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला को 11 लाख रुपये का चेक सौंपा। राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय को यह 11 लाख का चेक दिया गया। रामलला के मूर्ति विस्थापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या मंदिर निर्माण का आह्वान करती है। मंदिर निर्माण के मद्देनजर पहला चरण पूरा हो गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम त्रिपाल से नए आसन पर विराज गए हैं।

संदिग्ध मरीज की रिपोर्ट आई निगेटिव, इलाज के दौरान हुई मौत

नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को जिस कोरोना संदिग्ध की उपचार के दौरान मौत हुई थी, उसकी रिपोर्ट आ गई है। उसकी रिपोर्ट में टेस्ट निगेटिव निकला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। दिल्ली में मंगलवार को एक कोरोना संदिग्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मरीज पूर्वी दिल्ली के ताहिरपुर स्थित राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती था। मरीज ने अस्पताल के आईसीयू में अंतिम सांस ली। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली में कोरोना से दो लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डॉ. बीएल शेरवाल ने बताया कि कुछ दिन पहले 68 वर्षीय मरीज को अस्पताल में भर्ती किया था। उनकी हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। कोरोना संदिग्ध होने के चलते उनकी जांच के लिए सैंपल भेजा दिया। मंगलवार रात को हार्ट अटैक आने से मरीज ने दम तोड़ दिया।

डॉक्टरों के ही अनुसार मरीज को निमोनिया होने की वजह से हालत लगातार

चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ-देवी मंदिरों में तालाबंदी

पुजारी करेंगे माता की पूजा अर्चना

हाईवे चैनल

रायपुर 25 मार्च। चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ हो चुका है किंतु इस बार सिर्फ पुजारी ही माता की पूजा अर्चना कर पाएंगे। और सबके लिए दुआएं मांग पाएंगे। कोरोना वायरस के चलते सभी देवी मंदिरों को लाकडाउन कर दिया गया है। इसमें भक्तों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है इसलिए इस बार भक्त जन घर में ही रहकर माता की आराधना करेंगे। किसी भी देवी मंदिर में मनोकामना ज्योति नहीं जलाई जाएगी। सिर्फ एक ज्योति जलाकर माता की आराधना की जाएगी। गौरतलब है कि सदियों बाद ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है कि जब भक्तगण माता की आराधना करने के लिए मंदिर तक नहीं पहुंच पाएंगे। नवरात्रि का त्योहार पूरे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक माने जाने वाला ये त्योहार कोरोना के कारण फीका पड़ गया है। जहां देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत नहीं जलाई जा रही हैं वहीं लोगों को आने जाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है। सभी देवी मंदिरों में लाकडाउन की स्थिति देखने को मिल रही है। इस बार लोगों से अपील की गई है कि वे अपनी घरों से ही माता की आराधना करें और घर में ही पूजा पाठ कर देवी से आशीर्वाद लें। गांवों में भी सभी प्रकार के आयोजन रद्द कर दिए गए है। चैत्र नवरात्रि में घरों घर ज्योत जंवारा बोया जाता है साथ ही गांवों में एक त्योहार जैसा माहौल नवरात्रि के पर्व में देखने को मिलता है । जसगीत की गूंज सुनने को मिलती है किंतु इस बार गांवों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं।

कोरोना को देखते हुए संतोषी मंदिर भनपुरी में पूजा पर लगी रोक- धनलक्ष्मी नगर भनपुरी में स्थित मां संतोषी मंदिर में वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस बार मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित नहीं किया गया है। पं. लीलाधर पाण्डे और मंदिर के अध्यक्ष गुमान दास के द्वारा बताया गया कि कोरोना वायरस को देखते हुए और कलेक्टर के आदेशानुसार रायपुर में 144 धारा लागू किया गया है। अत: आप सभी की सुरक्षा को देखते हुए मंदिर समिति के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इस चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व में भक्तों के द्वारा पूजा करना प्रतिबंधित किया गया है।

9 दिन की होगी नवरात्रि

- प्रथम दिन-प्रतिपदा तिथि घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त में करें
- 26 मार्च को द्वितीया सर्वार्थ सिद्धि योग
- 27 मार्च तृतीया सर्वार्थसिद्धि और रवि योग
- 28 मार्च चतुर्थी रवि योग
- 29 मार्च पंचमी रवि योग
- 30 मार्च षष्ठी रवि या अमृत सिद्धि योग
- 31 मार्च सप्तमी रवि योग
- 1 अप्रैल महाअष्टमी आहुतियां
- 2 अप्रैल रामनवमी

अप्रैल और मई माह का चावल मिलेगा नि:शुल्क

रायपुर, 25 मार्च (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के गरीब परिवारों को एक बड़ी राहत देते हुए अप्रैल और मई का चावल नि:शुल्क देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राज्य शासन के खाद्य विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को आदेश भी जारी कर दिया गया है।

कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के प्रबंधन के तहत राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों को यह बड़ी राहत दी गई है। राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अन्त्योदय, प्राथमिकता, नि:शक्तजन, एकल निराश्रित एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन कार्डधारियों को माह अप्रैल और मई 2020 के चावल का वितरण एक मुश्त करने के निर्देश राज्य सरकार द्वारा पहले ही दिए गए है। इसी निर्णय के अनुक्रम में अन्त्योदय, प्राथमिकता, नि:शक्तजन, एकल निराश्रित एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन कार्डधारकों को चावल का वितरण अब नि:शुल्क किया जाएगा।

अपने घरों में ही रहकर करें आराधना : भूपेश

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। श्री बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि चैत्र नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना का पर्व है। जिसे छत्तीसगढ़ में भी बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए इस नवरात्रि के दौरान सभी अपने घरों में ही रहकर आराधना करें। इससे इस संक्रामक बीमारी के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी।

सैकड़ों मजदूरों की पैदल घर वापसी

नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसी)। कोरोना के खतरे के मद्देनजर किए गए %लॉकडाउन% की वजह से सारे काम ठप कर दिए गए हैं। ऐसे में गुजरात के अहमदाबाद में काम करने वाले हजारों मजदूर पैदल राजस्थान स्थान अपने गांवों तक पहुंचने के लिए मजबूर हैं। गुजरात के अहमदाबाद में काम करने वाले हजारों मजदूर राजस्थान में अपने घर पैदल वापस जाने को मजबूर हैं। इन मजदूरों के मालिकों ने कोरोना के खतरे के मद्देनजर किए गए %लॉकडाउन% की वजह से अपने काम बंद कर दिए हैं। बुधवार को साबरकांठा जिले में हाईवे पर अपने बच्चों और सामान के साथ पैदल जाते हुए मजदूरों को देखा गया। इनमें से कई बुधवार दोपहर को इदर, हिम्मतनगर और प्रांतिज पहुंचे। भयंकर गर्मी के बीच इनके चेहरे पर थकान साफ झलक रही थी। राजस्थान के एक मजदूर तेजभाई ने कहा, मैं अहमदाबाद के रानीप इलाके में काम कर रहा था और मेरे मालिक ने मुझे काम बंद करके वापस जाने को कह दिया।

आवश्यक सामग्री की कहीं कोई किल्लत नहीं

रायपुर 25 मार्च (हाईवे चैनल)। वैश्विक महामारी कोविड-19 की रोकथाम के लिए देश में 21 दिन की तालाबंदी का ऐलान होते ही आम लोगों में हलचल मच गई। लोग घर से निकलकर जरुरत की सामान जुटाने के लिए किराना दुकान पहुंचे और खरीददारी की। वहीं दुकानदारों ने हर नागरिक को उनकी जरुरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध कराई। इस दौरान किसी वस्तु या खाद्य सामग्री में अधिक कीमत लेने या देने की शिकायत सामने नहीं आई है। लोग सहायता की दृष्टि से दुकानदार के साथ सहयोग में जुटे रहे। कई जगह पर लोगों ने खुद सामग्री निकालकर तौल किया और पेमेंट दुकानदार को देकर चले गए। वहीं दुकानदार रात 12 बजने के पहले तक लोगों को सामग्री की बिक्री कर राहत पहुंचाने में जुटे रहे। हालांकि केन्द्र और राज्य की सरकार ने कोविड-19 से निपटने के लिए 24 प्रकार की सेवाओं को जारी रखने की छूट प्रदान की है। किंतु आम लोग सामग्री खत्म होने के डर से दुकान में पहुंचे हुए थे। जहां पर दुकानदारों ने सामग्री के साथ यह समझाइश भी दी कि वे हर रोज दोपहर में 4 से 6 घंटे सामग्री का वितरण करने के लिए दुकान खोलेंगे। इसलिए किसी प्रकार से आमजनों को हलाकान और परेशान होने की जरुरत नहीं है।

आपको बतादें कि देश भर में तालाबंदी के बाद लोगों में एक भय उत्पन्न हो गया था। इसी के चलते किराना दुकान, सुपर मार्केट, दूध डेयरी इत्यादि जगहों पर भीड़ पहुंच गई थी। दुकानदारों ने हर ग्राहक को एक दूरी बनाकर सामग्री खरीदने की सूचना दुकान में चस्पा कर बिक्री की साथ ही बार बार यह समझाते रहे कि हर ग्राहक एक अंतराल बनाकर दुकान के काउंटर में पहुंचे और आवश्यक सामग्री खरीदी करे। किसी ग्राहक को सामग्री कम होने नहीं दी जाएगी। वहीं लोगों ने दुकान में उपलब्ध आवश्यक वस्तुओं में ही चुनाव कर खरीदी की। हर कोई वैश्विक महामारी की लड़ाई में स्वयं को जोड़ते हुए व्यवसायियों की सहायता में आगे आ रहा था। किसी ने आचार खरीद कर 15 दिन घर पर तैयारी की बात की तो कोई पापड़ और दाल के साथ संतुष्ट होकर चला गया। साथ ही किसी ग्राहक ने कहा कि चैत्र नवरात्र में उपवास रखकर 21 दिन के तालाबंदी को सफल बनाने के लिए एकजुटता दिखायेंगे। इसके अलावा कुछ ऐसी जानकारियां भी मीडियाकर्मियों को मिली है कि निचली बस्तियों में खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कई वरिष्ठ नागरिक राशन लेकर पहुंचे और वितरण किया। सरकार की राशन दुकानों में सकारात्मक स्थिति दिखी राज्य सरकार ने इस लड़ाई में आम लोगों की मदद के लिए 2 माह का राशन एडवांस में देने का ऐलान किया है। इसी कड़ी में राशन दुकानों में गरीबों को राहत पहुंचाई जा रही है।

कॉलोनी, बस्ती, मोहल्ले की दुकानों में रही मांग

दुकानों में भरपूर खाद्य सामग्री मौजूद

मवेशियों की ऑफत

आम आदमी के राशन की व्यवस्था सरकार करने में लगी हुई है परंतु डेयरी मालिकों में इस बात की चिंता थी कि उनके मवेशियों का राशन कैसे उपलब्ध होगा क्योंकि डेयरी में मवेशियों के चारे खत्म होने वाले हैं। चूंकि पविरहन की गाड़ियों पर रोक है इसलिए मवेशियों का चारा दुकानों से नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश की सरकार की नारा था नरुवा, गरुवा, घुरवा बाड़ी दिया था। ऐसे में सरकार को मवेशियों के लिए भी चारे की व्यवस्था करना होगा। इस संबंध में गोकुल नगर डेयरी संचालकों ने जोन संचालक से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई है जिसमें जोन कमिश्नर ने हर संभव राहत पहुंचाने की बात कही है। डेयरी मालिकों ने मांग की है कि वे परिवहन के साधनों को शहर में प्रवेश करने दें इससे इंसान से लेकर जानवर तक की व्यवस्था को पूरा किया जा सकेगा और कोविड-19 से लड़ाई जीती जा सकेगी।

गर्मी में सतर्क रहने की आवश्यकता

प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है ऐसे में लोगों को ठंडी हवाओं की आवश्यकता होगी। कूलर, पंखे, एसी आम लोगों के द्वारा चलाए जाएंगे। ऐसे हर नागरिक से आग्रह है कि चूंकि दुकानों में तालाबंदी है। इसलिए स्वयं के संसाधनों को सतर्कता के साथ उपयोग में लाएं। इससे संसाधनों के बिगड़ने की शिकायत सामने नहीं आएगी और स्वास्थ्य के प्रति भी व्यवस्था बनी रह सकेगी।